Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide compensation to groundnut farmers of Bikaner whose crops got damaged due to unseasonal rains.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र चुरू और पूरे बीकानेर डिवीजन, राजस्थान में बीते कुछ दिनों काफी बारिश और ओलावृष्टि हुई है । मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू में बहुत कम पॉकेट्स में मूंगफली की फसल बोयी जाती है । वहां पर हुई बरसात के कारण पूरी फसल बर्बाद हो गई और इसके कारण वहां के किसानों को काफी नुकसान हुआ है ।

सर, अत्यधिक बारिश होने के कारण मूंग, मोठ और मूंगफली की फसल में कालापन आ गया, फसल खराब हो गई और उसकी गुणवत्ता में भी कमी आई है । किसान अपनी फसल को एम.एस.पी. पर मंडियों में बेचने जाते हैं तो वहां के स्टोरेज में भी बरसात के कारण फसलें खराब हो गईं ।

सर, मेरा आपसे निवेदन है कि बाजार में उन फसलों का सही वैल्यू न मिलने के कारण किसानों की उस फसल को खरीदा जाए और सरकार उन्हें मुआवजा देने का काम करे ।

माननीय अध्यक्ष: श्री दुष्यंत सिंह को श्री राहुल कस्वां के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।